हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 24 दिसंबर 2024 समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सिरसा जिले के गांव फूलकां में वीर योद्धा महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि साहस, न्याय और लोक कल्याण के प्रतीक महाराजा सूरजमल की प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करेगा।
- राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर केंद्रीय उपभोक्ता कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने जागो ग्राहक जागो ऐप एवं जागृति ऐप तथा जागृति डैशबोर्ड की शुरुआत की।
- हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने महेंद्रगढ़ के एक उपभोक्ता बिजली कनैक्शन देने में देरी के लिए उपमंडल अधिकारी पर तीन हज़ार रुपये का जुर्माना लगाया।
- मौसम विभाग ने हरियाणा और चंडीगढ़ में कल तक शीत लहर चलने और कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाने की चेतावनी जारी की।

सिरसा जिले के गांव फूलकां में वीर योद्धा महाराजा सूरजमल जी के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनकी प्रतिमा का अनावरण किया।

साथ ही उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं पौधारोपण भी किया।

इस अवसर पर राजयसभा सांसद सुभाष बराला, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा,पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल सहित बीजेपी के स्थानीय नेता मौजूद रहे।

भारतीय जाट विकास मंच की तरफ से कराये गए इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि साहस, न्याय और लोक कल्याण के प्रतीक महाराजा

सूरजमल वीरता के साथ-साथ महान कुटनीतिज्ञ भी थे। यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को उनके महान व्यक्तित्व से परिचित करवाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महापुरुषों की विरासत को सहेजने के लिए प्रतिबद्ध है।

1-बाइट सी एम -ए

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी की केंद्रीय और राज्य सरकार ऐसे ही महापुरुषों से प्रेरणा लेकर विकास के नए कीर्तिमान बना रही है और किसान, व्यापारी और आमजन के हित में अनेक योजनाएं लागू कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगे ही समाज हित  में और विकास के लिए काम जारी रहेगा।

2-बाइट -सी एम -बी

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित परिवारों से नशा मुक्ति अभियान में सहयोग देने का संकल्प लेने का आह्वान भी किया।

मुख्यमंत्री ने भारतीय जाट विकास मंच को 21 लाख रुपये तथा आंबेडकर धर्मार्थ ट्रस्ट को 11 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

*****************************************************************

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर आज केंद्रीय उपभोक्ता कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने वर्चुअल माध्यम से जागो ग्राहक जागो ऐप, जागृति ऐप और जागृति डैशबोर्ड की शुरुआत की। इनका उद्देश्य ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर डार्क पैटर्न की पहचान करना और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा कारण है। 'जागो ग्राहक जागो ऐप' उपभोक्ता की ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान सभी यूआरएल के बारे में

आवश्यक ई-कॉमर्स जानकारी प्रदान करेगा और असुरक्षित यूआरएल के बारे में सचेत करेगा।इस अवसर पर श्री जोशी ने कहा कि सरकार एक सुरक्षित, पारदर्शी और भरोसेमंद बाजार उपलब्ध कराने और डिजिटल डोमेन में अनुचित व्यापार पद्धतियों की निगरानी के लिए समर्पित है। श्री जोशी ने सभी हितधारकों, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, नागरिक समाज और नियामक अधिकारियों से नैतिक तौर तरीकों और उपभोक्ता अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया।

**************************************************************

हरियाणा में भी आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। हरियाणा उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग के संयुक्त रजिस्ट्रार विजय शर्मा ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को जागरूक करने और तुरंत न्याय दिलाने के मकसद से जागो ग्राहक जागो का नारा दिया गया है ।

उन्होंने 1986 से लेकर आज तक आयोग को मिली उपभोक्ता शिकायतों का ब्योरा देते हुए बताया–

3-बाइट -विजय शर्मा

उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर जिला उपभोक्ता मंच 50 लाख तक के मामलों की सुनवाई करता है । वहीं राज्य उपभोक्ता मंच 2 करोड़ तक के तथा राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग को 10 करोड़ तक के मामलों की सुनवाई करने का अधिकार है। उन्होंने बाते कि उससे ऊपर के मामले सर्वोच्च न्यायालय में भेजे जाते हैं

**************************************************************

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने महेंद्रगढ़ के एक उपभोक्ता बिजली कनेक्शन देने में देरी के लिए उपमंडल अधिकारी पर 3,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। आयोग ने उपभोक्ता श्रीमती अनु यादव की शिकायत पर तथ्यों पर विचार करने के बाद पाया कि काम पूरा करने में देरी हुई है। आयोग ने इस मामले में उपमंडल अधिकारी की भूमिका को 'असंतोषजनक' बताया है और उन्हें अधिसूचित सेवा प्रदान करने में देरी के लिए जिम्मेदार ठहराया

है।आयोग ने महेंद्रगढ़ के अधीक्षक अभियंता को निर्देश दिए कि वे संबंधित उपमंडल अधिकारी के दिसंबर के वेतन से 3,000 रुपये की कटौती कर राज्य के खजाने में जमा करवाने को कहा है। उन्हें 25 जनवरी तक आयोग को अनुपालन रिपोर्ट भेजने के लिए भी कहा गया है।

***************************************************************

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों पर संयुक्त संसदीय समिति की पहली बैठक अगले महीने की 8 तारीख को होगी।उनतालीस सदस्यीय समिति में लोकसभा के 27 और राज्यसभा के 12 सदस्य शामिल हैं। समिति अगले संसद सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

***************************************************************

दशम गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के वीर पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान दिवस पर आज पलवल में कमेटी चौक स्थित पथवारी मंदिर से लेकर पंचवटी मंदिर तक सद्भावना यात्रा निकाली गई। सिख संगत और भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में निकाली गई इस सद्भावना यात्रा में स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा साहिबजादों के बलिदान दिवस को बाल वीर दिवस के रूप में मनाने के आह्वान पर हरियाणा सरकार इस 26 दिसंबर को बहित बड़े स्तर पर बाल वीर दिवस मनाने जा रही है।सरकार के आदेश पर 21 दिसंबर से 27 दिसंबर तक साहिबजड़ों के बलिदान की याद में स्कूलों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक दीपक मंगला ने कहा कि दसवें गुरु गोविंद सिंह जी ने अपने बच्चों की कुर्बानी देश और धर्म के लिए दे दी थी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से युवाओं में देश भक्ति की भावना पैदा होती है। इस यात्रा के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह जी के बलिदान को याद कर शहीदों को सम्मान देने का कार्य किया गया है।

*************************************************************

मौसम विभाग ने हरियाणा और चंडीगढ़ में कल तक शीत लहर चलने और कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने कहा है कि परसों भी कुछ स्थानों पर घना कोहरा पड़ सकता है और 27 दिसंबर को गरज और चमक के साथ तेज़ हवायें चल सकती हैं। विभाग ने 27 दिसंबर को कुछेक स्थानों पर ओलावृष्टि और बारिश होने का अनुमान भी लगाया है।मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार हिसार 7.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सबसे ठंडा स्थान बना हुआ है जबकि सबसे कम अधिकतम तापमान कुरुक्षेत्र में दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार 26 और 28 दिसंबर को कहीं कहीं हलकी से माध्यम वर्षा हो सकती है जबकि 27 दिसंबर को कुछ स्थानों पर वर्षा होने का अनुमान है।आगामी 48 घंटे के दौरान पारा 2 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

*************************************************************

अंबाला के उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने धुंध और कोहरे को देखते हुए बेसहारा पशुओं के गले में रिफ्लेक्टर टेप लगाने के अभियान की शुरूआत की हैं। जिसका उद्देश्य कोहरे के दौरान बेसहारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना हैं।हमारे संवाददाता ने बताया कि उपायुक्त द्वारा यह मुहिम विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से शुरू की गई हैं।उपयुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा  कि हालाकि बेसहारा गौवंश को गौशालाओं में पहुंचाया गया है लेकिन फिर भी कुछ बेसहारा पशु सार्वजनिक स्थानों पर विचरण करते है और दुर्घटनाओं का कारण बनते है। खासकर धुंध व कोहरे में बेसहारा पशु दिखाई नहीं देते, जब बेसहारा पशुओं के गले में रिफलैक्टर टेप लगी होगी तो वह दूर से दिखाई देगा और सडक़ दुर्घटना नहीं हो पाएगी।